भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1228
09 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)

1228. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के अल्प प्रवाह के मद्देनजर इसे बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): रक्षा उद्योग क्षेत्र को निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए मई, 2001 में खोला गया था। नए रक्षा औद्योगिक लाइसेंस की इच्छुक कंपनियों के लिए रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा, जहां कहीं इसके परिणामस्वरूप आधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच की संभावना है, वर्ष 2020 में ऑटोमेटिक रूट के माध्यम से 74% तक और सरकारी रूट के माध्यम से 100% तक बढ़ा दी गई थी। अभी तक, रक्षा क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों द्वारा 5077 करोड़ रुपए मूल्य के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सूचना दी गई है।

इसके अलावा, सरकार रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ावा देने हेतु विदेशी मूल उपस्कर विनिर्माताओं (एफओईएमएस) के साथ प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के सह-विकास तथा सह-उत्पादन को भी प्रोत्साहित करती है।

*****